Communicable Disease Service

COVID-19 वेरिएंट्स के बारे में सच्चाई

हमें पता है कि इसे लेकर ढेर सारी जानकारी उपलब्ध है। हम यहाँ COVID-19 के वेरिएंट्स के बारे में सही जानकारी साझा कर रहे हैं।

मुझे इसके बारे में क्या जानना चाहिए?

सभी वायरस समय के साथ बदलते रहते हैं। जब वे बदलते हैं तब "वेरिएंट्स" कहलाते हैं। SARS-CoV-2 वह वायरस है, जिससे COVID-19 का संक्रमण फैलता है। इसके भी वेरिएंट्स हैं।

वेरिएंट्स इस बात पर असर डालते हैं कि कैसे कोई वायरस:

- फैलता है
- उपचार के प्रति प्रतिक्रिया देता है
- लोगों पर असर डालता है (गंभीर या नहीं)

अभी तक इस बात का कोई सबूत नहीं है कि नए वेरिएंट्स गंभीर बीमारी पैदा कर सकते हैं। इसकी चपेट में आने वाले ज़्यादातर लोगों में हल्के-फुल्के लक्षण होंगे जैसे कि: खाँसी, गले में खराश, नाक बहना, छिंक आना, शरीर में ऐंठन और थकान।

सेंटर फ़ॉर डिज़ीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) के अनुसार साल 2023-2024 में COVID-19 के टीके से गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में कमी आनी चाहिए।

CDC लगातार नए स्ट्रेन्स को ट्रैक और मॉनिटर कर रहा है और जानकारी उपलब्ध होते ही साझा करेगा।

NJ Health
New Jersey Department of Health
Communicable Disease Service

COVID-19 वेरिएंट्स के बारे में सचाई

मैं खुद को अपने परिवार को और अपने दोस्तों को कैसे सुरक्षित रख सकता/सकती हूँ?

हालाँकि, हमें नहीं पता कि नए वेरिएंट्स कितनी तेज़ी से फैलते हैं लेकिन वे उसी तरह फैलते हैं जैसे कि दूसरे वेरिएंट्स। संक्रमण से खुद की और दूसरों की सुरक्षा करने के लिए ये कदम उठाएं:

- टीका लगवाएं, भले ही आप पहले COVID-19 की चपेट में क्यों न आए हों। अगर आपको फ़्लू या RSV के टीके लेने की भी ज़रूरत पड़े तो स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से मिलें।
- अगर आप बीमार हों या आपको लगता हो कि आप COVID-19 से संक्रमित हो चुके हैं तो घर पर ही रहें। ज़रूरत पड़ने पर जाँच करवाएँ और ड़ॉक्टर से संपर्क करें।
- अगर आप COVID-19 से संक्रमित हैं और आपके गंभीर रूप से बीमार पड़ने की बहुत ज़्यादा संभावना है तो इलाज के बारे में डॉक्टर से संपर्क करें।

मुझे सही जानकारी कैसे मिलेगी?

सिर्फ़ भरोसेमंद स्रोतों को फ़ॉलो करें, जिसमें CDC न्यू जर्सी डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ (New Jersey Department of Health) और द अमेरिकन अकादमी ऑफ़ पेडियाट्रिक्स (American Academy of Pediatrics) जैसे कुछ नाम शामिल हैं।

COVID-19 के टीके के बारे में किसी भरोमंद चिकित्सा विशेषज्ञ से बात करें जैसे कि आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता। इंटरनेट पर मिली जानकारी के बारे में पूछें।

सही जानकारी पाने में दूसरों की भी मदद करें!
जब तक आपको पता न चले कि जानकारी सही है, तब तक इसे साझा न करें।

ज़्यादा जानकारी के लिए:
एक अपॉईंटमेंट लें: vaccines.gov
CDC COVID-19 ट्रैकर: covid.cdc.gov/covid-data-tracker
CDC चिल्ड्रेन प्रोग्राम के लिए टीके: cdc.gov/vaccines/programs/vfc

बनाया गया: अक्टूबर 2023